**मुख्य विकास अधिकारी, बदायूँ की अध्यक्षता में दिनॉक 10.06.2026 को अपरान्ह 12:00 बजे आयोजित ''जल जीवन मिशन'' कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

**उपस्थिति–**

1– श्री अमित कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।

2– श्री रोहितेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता।

3– श्री मनीष कुमार, जूनियर इंजीनियर।

4– श्री रवि कश्यप, जूनियर इंजीनियर।

5– श्री नवीन कुमार, जूनियर इंजीनियर।

6– श्री परविन्द कुमार, जूनियर इंजीनियर।

7– श्री मनोज कुमार, परियोजना प्रबन्धक, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।

8– श्री अमित जुरैल, असिस्टैन्ट इंजीनियर, मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।

बैठक में निम्नानुसार बिन्दुओं पर समीक्षा की गयी।

**1– अवर जलाशय के कार्य पूर्ण वाली योजनाओं की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में वर्तमान तक कुल 868 नग योजनाओं के सापेक्ष 323 नग योजनाओं के अवर जलाशयों के कार्य पूर्ण कर 246 नग अवर जलाशय के माध्यम से तथा शेष 77 नग सीधे पम्पिंग द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में 178 नग योजनाओं के शत–प्रतिशत् कार्य पूर्ण कर संचालन एवं अनुरक्षण कार्य प्रारम्भ कराया जा चुका है। शेष 145 नग पेयजल योजनाएं ऐसी हैं, जिसमें सूक्ष्म कार्य जैसे– गृह पेयजल संयोजनों की मरम्मत, प्रेशर चैकिंग, राइजिंग मेन जोड़ना, जलकल प्रांगण का विकास कार्य एवं सड़कों के पैच मरम्मत कार्य प्रगति पर हैं। अधिशासी अभियन्ता एवं कार्यदायी फर्म मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 को उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण कराते हुए योजनाओं को संचालन एवं अनुरक्षण में लाने हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाहीः– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ)।**

**2– सड़कों के पुर्ननिर्माण की स्थितिः–**

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन से आच्छादित 1444 राजस्व ग्रामों में से 1210 राजस्व ग्रामों में पाइप लाइन हेतु सड़क काटी गई थी, जिसमें से 750 राजस्व ग्रामों में सड़क मरम्मत कार्य शत्– प्रतिशत् पूर्ण करा दिया गया है एवं शेष 460 राजस्व ग्रामों में सड़कों को मोटरेबल करा दिया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि सड़क पुर्नस्थापना कार्य पाइप लाइन की हाइड्रोटेस्टिंग कराते हुए समयबद्ध रूप से पूर्ण करें।

**(कार्यवाहीः– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ)।**

**4– अन्य बिन्दुः–**

**(क)–** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्यरत थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी द्वारा कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं क्रमिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

**(ख)–** जनपद में जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन हेतु नियुक्त जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (DPMU) एवं थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन एजेन्सी (TPIA) को निरन्तर सक्रिय रखने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया।

**(ग)–** समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही जल जीवन मिशन विषयक खबरों पर ससमय संज्ञान लेकर नकारात्मक खबरों के खण्डन की कार्यवाही हेतु अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया गया।

**(घ)–** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के अन्तर्गत 2 नग पेयजल योजनाओं की भूमि विवादित/जलकल प्रांगण के निर्माण हेतु अनुपयुक्त है, जिसमें तहसील– बदायूँ के अन्तर्गत आमगांव ग्राम में प्रदान की गई भूमि विवादित है एवं तहसील– दातागंज के ग्राम– गौतरापट्टी भौनी में प्रदान की गई भूमि में तालाब होने के कारण जलकल प्रांगण निर्माण हेतु अनुपयुक्त है। अधिशासी अभियन्ता को सम्बन्धित उपजिलाधिकारी– (बदायूँ/दातागंज) से समन्वय स्थापित कर उक्त प्रकरण के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

(गामिनी सिंगला)
मुख्य विकास अधिकारी,
O/C बदायूँ।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, जनपद– बदायूँ।

**पत्रांक–** 2129 / JJM / 93 **दिनाँक–**19-06-2026

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी, बदायूँ को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बदायूँ।
4. उपजिलाधिकारी, तहसील– सदर/दातागंज, जनपद– बदायूँ।
5. मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ।
6. मै0 मेधज टेक्नो कन्सेप्ट प्रा0लि0 (डी0पी0एम0यू0), बदायूँ।
7. मै0 बी0एल0जी0 कन्स्ट्रक्शन सर्विसेज, टी0पी0आई0, बदायूँ।

मुख्य विकास अधिकारी,
O/C बदायूँ।